# प्रमुख रोग एवं उससे प्रभावित फसलो के नाम की सूची

**फसलो को हानि पहुँचाने वाले रोगों के नाम:** पादप रोग विज्ञान या फायटोपैथोलोजी (Phytopathology) शब्द की उत्पत्ति ग्रीक के तीन शब्दों जैसे पादप, रोग व ज्ञान से हुई है, जिसका शाब्दिक अर्थ है "**पादप रोगों का ज्ञान** (अध्ययन)"। अत: पादप रोगविज्ञान, **कृषि** विज्ञान, वनस्पति विज्ञान या **जीव विज्ञान** की वह शाखा है, जिसके अन्तर्गत रोगों के लक्षणों, कारणों, हेतु की, रोगचक्र, रागों से हानि एवं उनके नियंत्रण का अध्ययन किया जाता हैं।

### पादप रोग विज्ञान के उद्देश्य:

### इस विज्ञान के निम्नलिखित प्रमुख उद्देश्य है:

- पादप-रोगों के संबंधित जीवित, अजीवित एवं पर्यावरणीय कारणों का अध्ययन करना।
- रोगजनकों द्वारा रोग विकास की अभिक्रिया का अध्ययन करना।
- पौधों एवं रोगजनकों के मध्य में हुई पारस्परिक क्रियाओं का अध्ययन करना।
- रोगों की नियंत्रण विधियों को विकसित करना जिससे पौधों में उनके द्वारा होने वाली हानि न हो या कम किया जा सके।

### फसलो को हानि पहुँचाने वाले रोगों की सूची

| फसल का नाम | रोगों के नाम |
|---|---|
| सरसों | सफेद किटट रोग |
| मूँगफली | टिक्का रोग |
| आलू | अंगमारी, पछेला अंगमारी |
| चना | विल्ट रोग |
| आम | चूर्णिल आसिता व गुच्छा शीर्ष रोग |
| गेहूँ | भूरा रस्ट एवं किटटु रोग |
| धान | खैरा रोग, झुलसा रोग एवं झोंका रोग |
| तम्बाकू | मोजैक रोग |
| गन्ना | लाल सड़न रोग |
| टमाटर | उकठा रोग |
| अमरूद | उकठा |
| सुपारी | महाली अथवा कोलिरोगा रोग |
| अरहर | उकठा |
| सब्जियां | जडग्रन्थि व मोजेक |
| काफी एवं चाय | किटट |
| धान | झोंका तथा भूरा पर्णचित्ती रोग |
| पटसन | तना विगलन |

| **फसल का नाम** | **रोगों के नाम** |
|---|---|
| केले | गुच्छ शीर्ष रोग |
| कपास | शकाणु झुलसा, म्लानि एवं श्यामव्रण |